बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश

सूरतगढ़, (कासं)। यहां बीते कुछ दिनों से अघोषित विद्युत कटौती से आमजन परेशान है। दिन में भी जहां कई बार कट लग रहे हैं। रात में भी कई कई घंटे की बिजली कटौती से लोग चैन से सो भी नहीं पा रहे हैं। हालत यह है कि आधी रात को लोगों को विद्युत विभाग के कार्यालय में पहुंचकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। दिन रात हो रही विद्युत कटौती के कारण शहर के लोगों में आक्रोश पनप रहा है और इसके लिए सोमवार से धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। कांग्रेस सेवादल के सतनाम वर्मा ने रविवार को बताया कि वैसे तो लंबे समय से अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। मगर शुक्रवार को आई बरसात के बाद से तो बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई है। शहर में पानी भरने के कारण शुक्रवार को दिनभर बिना बिजली के लोगों को रहना पड़ा था। रात को भी 2 से 3 बार बिजली की कटौती झेलनी पड़ी। शनिवार को भी पूरे दिन बिजली का आना-जाना जारी रहा। मगर रात्रि के समय तो हालात और भी खराब हो गए जब 11:30 बजे गुल हुई बिजली रात 3 बजे बहाल हुई। वर्मा ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में डिस्कॉम अधिकारी से भी बात की लेकिन उन्होंने हर बार जल्द बहाली का आश्वासन दिया। इसके बाद परेशान होकर वरिष्ठ नेता बलराम वर्मा, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता योगेश मेघवाल, पूर्व पार्षद शंकरलाल नायक, कमल रैना, राहुल सहारण, विपिन कुमार, विक्की, राजेश, जगदीश सिंह, सुरेश सहित वार्डवासियों ने डिस्कॉम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया।

'डिजिटल युग में साहित्य का यह नवाचार प्रेरणादायक होगा'

- इस वेबसाइट मंच पर कहानी, कविता, निबंध, संवाद, समीक्षा और साक्षात्कार जैसे विभिन्न साहित्यिक विधाओं को प्रमुखता से शामिल किया गया है

बीकानेर, (कासं)। साहित्य और तकनीक के संगम का एक महत्वपूर्ण क्षण तब सामने आया जब केन्द्रीय कानून एवं संसदीय कार्य और संस्कृति मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने युवा साहित्यकार अरमान नदीम की नवाचार पूर्ण साहित्यिक वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस डिजिटल मंच का उद्देश्य हिन्दी साहित्य को वैश्विक पटल पर पहुंचाना और नवोदित लेखकों को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है।

समारोह का आयोजन केन्द्रीय मंत्री के बीकानेर स्थित आवास पर किया गया। अरमान नदीम ने बताया कि शब्द संवाद ना केवल साहित्य को समर्पित है बल्कि इसमें युवा रचनाकारों, पत्रकारों और साहित्य प्रेमियों के लिए भी पर्याप्त स्थान दिया गया है। इस वेबसाइट मंच पर कहानी, कविता, निबंध, संवाद, समीक्षा और साक्षात्कार जैसे विभिन्न साहित्यिक विधाओं को प्रमुखता से शामिल किया गया है।

अर्जुनराम मेघवाल ने कहा डिजिटल युग में साहित्य का यह नवाचार अत्यंत प्रेरणादायक साबित होगा। मेघवाल ने कहा कि यह एक सराहनीय पहल है, जो ना केवल भारतीय साहित्य को तकनीक से जोड़ती है, बल्कि उसे युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम भी बनती है। डिजिटल युग में जब सब कुछ ऑनलाइन हो रहा है। ऐसे में साहित्य को इस तरह प्रस्तुत करना न केवल प्रासंगिक है, बल्कि यह समय की आवश्यकता भी है। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से नई पीढ़ी को हिन्दी साहित्य से जोड़ने में सहायता मिलेगी। आज का युवा इंटरनेट पर है और यदि साहित्य वहां नहीं पहुंचा तो एक पीढ़ी साहित्य से कट जायेगी। ऐसे में शब्द संवाद जैसे प्रयास भविष्य के लिए दिशा निर्धारण करते हैं। वेबसाइट के संचालक और साहित्यकार अरमान नदीम ने बताया कि इस मंच की परिकल्पना उन सभी साहित्य प्रेमियों को ध्यान में रखकर की है, जो गांव, कस्बों और छोटे शहरों में रहकर भी अपनी आवाज़ को व्यापक स्तर पर पहुंचाना चाहते हैं। यह सिर्फ एक वेबसाइट नहीं बल्कि एक साहित्यिक आंदोलन की शुरूआत है। उन्होंने बताया कि वेबसाइट पर पहले ही कई नामचीन साहित्यकारों के साक्षात्कार, युवा लेखकों की कविताएं, तथा समसामयिक विषयों पर आलेख प्रकाशित हो चुके हैं। भविष्य में वीडियो संवाद, ई-पुस्तक प्रकाशन और लाइव काव्य गोष्ठियों की भी योजना है।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने की मुलाकात: भारतीय जनता पार्टी बीकानेर शहर जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड के नेतृत्व में नवनियुक्त बीकानेर शहर जिला पदाधिकारियों ने केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल से शिष्टाचार मुलाकात की और अभिनंदन किया। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि जिला टीम में युवा जोश और अनुभव दोनों को पर्याप्त स्थान मिला है। जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड और नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को विश्वास दिलाया कि नवनियुक्त जिला टीम संगठन हित में निरंतर कार्यरत रहेगी तथा भाजपा की जनहितकारी नीतियों का प्रचार प्रसार करने का कार्य करते हुए संगठन को दृढता प्रदान करेगी। नवनियुक्त बीकानेर शहर जिला पदाधिकारियों में जिला महामंत्री श्याम सिंह हाडला , जिला महामंत्री कौशल शर्मा, मोतीलाल हर्ष, अशोक प्रजापत, सरिता नाहटा , किशन मोदी, सोहनलाल प्रजापत, सुनीता हटीला, झमकू देवी मारू , तरुण स्वामी , विनोद करोल, सुमन कंवर शेखावत, चंद्रप्रकाश गहलोत, चंद्रशेखर शर्मा, मंजूषा भास्कर, सुशील आचार्य, रघुवीर प्रजापत, रामकुमार व्यास, दुष्यंत तंवर आदि उपस्थित थे।

श्रीगंगानगर में बंधों से रिस रहा बरसाती पानी

- दर्पण एनक्लेव के मकानों को खतरा, स्थानीय लोग खुद कर रहे हैं लीकेज रोकने का प्रयास

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर में लगातार हुई बारिश के कारण सूरतगढ़-पदमपुर बायपास रोड के पास भारी मात्रा में बरसाती पानी जमा हो गया है। प्रशासन द्वारा पानी रोकने के लिए लगाए गए बंधे अब जवाब दे रहे हैं। कई स्थानों पर पानी का रिसाव शुरू हो गया है। इससे आसपास के रिहायशी इलाकों, विशेषकर दर्पण एनक्लेव के मकानों को खतरा पैदा हो गया है।

दर्पण एनक्लेव के निवासियों ने चिंता जताई है कि अगर रिसाव पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो उनके मकानों की नींव कमजोर हो सकती है। दीवारों में सीलन आने का भी खतरा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे लोगों में नाराजगी है। निवासियों ने बताया कि उन्होंने प्रशासन को कई बार इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला है। अब जब बंधों से पानी रिसने लगा है, तो लोगों ने खुद ही अपने स्तर पर लीकेज रोकने का प्रयास शुरू कर दिया है। कई लोगों ने अपने घरों के बाहर मिट्टी और रेत की बोरियां लगाकर पानी के बहाव को रोकने की कोशिश की है।

स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन तुरंत इलाके का दौरा करे और बंधों को मजबूत करे। साथ ही जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए। इससे भविष्य में ऐसी स्थिति नहीं बनेगी। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि हर साल बारिश के मौसम में यही समस्या आती है, लेकिन इस बार पानी की मात्रा अधिक होने के कारण खतरा भी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और बिगड़ सकती है। इलाके के लोग अब प्रशासन से ठोस कदम उठाने की उम्मीद कर रहे हैं

बारिश में ढही दो बुर्जियां : अनूपगढ़ स्थित ऐतिहासिक गढ़ अब खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। बारिश के दौरान गढ़ की दो बुर्जियां पूरी तरह ढह गई। दो अन्य बुर्जियां भी मिट्टी रिसाव के कारण किसी भी समय गिर सकती जर्जर हो चुकी हैं। इनके साथ लगी 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइनें बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं।

कोई भी सरकारी विभाग इस ऐतिहासिक धरोहर की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। पालिकाध्यक्ष प्रियंका बैलान ने पार्षदों के साथ गढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि नगरपालिका गढ़ के जीर्णोद्धार के लिए प्रयासरत है।

सार-समाचार

73.82 फीसदी ने दी आर.पी.वी.टी.

बीकानेर, (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा रविवार को बीकानेर, जयपुर, उदयपुर और जोधपुर शहर में 32 केन्द्रों पर पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आर.पी.वी.टी.-2025 सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित ने परीक्षा संचालन के दौरान बीकानेर कंट्रोल रूम से सभी परीक्षा केंद्रों से समन्वय स्थापित किया एवं बीकानेर परीक्षा केन्द्रों पर सुव्यवस्थित निष्पक्ष परीक्षा संपादन हेतु दौरा किया। आर.पी.वी.टी. समन्वयक प्रो. उर्मिला पानू ने बताया कि इस बार राजस्थान प्री वेटरनरी टेस्ट में कुल 13101 परीक्षाथिर्यों को ऑनलाइन प्रवेश-पत्र जारी किए गए थे जिनमें से बीकानेर, जयपुर, उदयपुर और जोधपुर के 32 परीक्षा केन्द्रों पर 9670 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस परीक्षा में 73.82 प्रतिशत अभ्यथिर्यों की उपस्थिति रही। परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक अभ्यर्थी की मेटल डिटेक्टर, आई.डी. प्रुफ जांच एवं बायोमेट्रीक सत्यापन के पश्चात् प्रवेश दिया गया। परीक्षा की निष्पक्षता को बनाये रखने और परीक्षा में अनुचित साधनों की रोकथाम के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर विश्वविद्यालय द्वारा पर्यवेक्षक और सहायक पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए। समस्त परीक्षा केन्द्रों पर पैनी नजर रखने के लिए उड़न दस्तों और पुलिस जाब्तों का बन्दोबस्त किया गया। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित अभ्यर्थियों की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। सम्पूर्ण परीक्षा संचालन के दौरान निदेशक क्लीनिक प्रो. प्रवीण बिश्नोई विभिन्न केन्द्र की समस्याओं के समाधान हेतु उपस्थित रहे। कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को सफल परीक्षा आयोजन के लिए बधाई दी।

नारी सृजन की बिखरी छटा

बीकानेर, (कासं)। कम्युनिटी वेलफेयर सोसायटी द्वारा शनिवार को शिव पार्वती भवन, गोपेश्वर बस्ती में सावन महोत्सव 2025 - नारी सृजन का उत्सव भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह आयोजन नारी शक्ति, संस्कृति और सृजनात्मकता को समर्पित था, जिसमें महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। महोत्सव में रंगोली, मांडना कला, क्ले आर्ट, के साथ-साथ मेहंदी एवं नेल आर्ट प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विभिन्न श्रेणियों में हुई तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन करने हेतु 15 विशिष्ट अतिथियों ने निर्णायक मंडल के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम में संस्था के भीमराज सेवग, राजकुमार पंवार एवं नंदकिशोर गहलोत सहित अनेक गणमान्य जनों ने भाग लिया।

डिग्गी में डूबने से मां-बेटे की मौत

- खेलते समय पैर फिसलने से बच्चा डिग्गी में गिरा, मां ने बचाने के लिए लगाई छलांग

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के श्रीकरणपुर कस्बे के गांव 12 एफए में पैर फिसलने से एक बच्चा पानी की डिग्गी में गिर गया। बच्चे को बचाने के लिए मां ने भी पानी में छलांग लगा दी लेकिन दोनों की जान नहीं बच सकी।

श्रीकरणपुर थानाधिकारी रामप्रताप वर्मा ने बताया कि मृतक बच्चा जशनदीप (10) खेलते समय खेत में बनी एक सिंचाई डिग्गी में गिर गया। बेटे को पानी में डूबता देख मां अमनदीप कौर (28) ने पानी में छलांग लगा दी। लेकिन गहराई अधिक होने और तैरना न आने के कारण मां-बेटे दोनों ही पानी में डूब गए। उसके बाद महिला का छोटा बेटा जब फोन पर बात कराने आया तो मां और बेटे को डिग्गी में तैरते देख शोर मचाया। स्थानीय ग्रामीण ने तुरंत दोनों के शव बाहर निकाल स्थानीय राजकीय अस्पताल में लेकर गए। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

उसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर सीआई रामप्रताप वर्मा, एएसआई बाबू खान और पुलिस टीम पहुंची। फिलहाल शवों को राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस ने महिला के पीहर पक्ष को सूचना दी हैं।

पोस्टमॉर्टम करने डॉक्टर को दीवार चढ़कर जाना पड़ा

- बारिश का पानी जमा होने से मरीज को भी पानी में से होकर जाना पड़ रहा है
- जिला प्रशासन ने अभी तक पानी की निकासी नहीं की

अनूपगढ़, (कासं)। बारिश के दो दिन बाद भी जिला अस्पताल परिसर में पानी जमा है। इससे मरीजों और चिकित्सकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में मोर्चरी रूम के पास जमा पानी के कारण एक शव का पोस्टमॉर्टम करने के लिए डॉक्टर मुरलीधर कुमावत को दीवार पर चढ़कर जाना पड़ा।

डॉ. कुमावत ने बताया कि एक वृद्ध व्यक्ति की मृत्यु के बाद परिजन शव को जीप में लेकर मोर्चरी पहुंचे थे। लेकिन वहां जमा पानी के कारण मोर्चरी तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं था। मरीजों को भी अस्पताल जाने के लिए पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

एक मरीज के परिजन राकेश कुमार ने बताया कि उन्हें अस्पताल पहुंचने के लिए पानी से होकर जाना पड़ा। शुक्रवार को अनूपगढ़ क्षेत्र में सुबह 11 बजे तक लगातार 8 घंटे बारिश हुई थी। बारिश के 50 घंटे बाद भी अस्पताल परिसर में पानी जमा है। जिला अस्पताल प्रशासन ने इस समस्या से कई बार जिला प्रशासन को अवगत कराया है, लेकिन अभी तक पानी की निकासी नहीं की गई है। डॉ. कुमावत ने बताया कि पीडब्लयूडी विभाग द्वारा अस्पताल के सामने सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन यह कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। बरसात के पानी की निकासी की व्यवस्था सुचारू नहीं है।

बीकानेर में चोरी की वारदातें बढ़ने से लोगों में आक्रोश

- बीकानेर, खाजूवाला और कालू थाना इलाके में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ी है

बीकानेर, (कासं)। पिछले 2 महीने में चोरियों का ग्राफ अचानक बढ़ गया है। बढ़ती चोरियों को लेकर लोगों में आक्रोश फैला हुआ है।

एरिया डोमिनेशन और रात्रि गश्त के बाद भी पुलिस के हाथ कुछ खास नहीं लग रहा है। चोरों पर और चोरियों पर पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही है। खाजूवाला और कालू थाना इलाके में चोरियां लगातार बढ़ी है। खाजूवाला के वार्ड नंबर 5 की तावणिया कॉलोनी में शनिवार को दिनदहाड़े जयकरण पारीक के घर चोरों ने सबसे पहले हाथ साफ किया। इसके बाद दूसरे घरों में पहुंचे। मूंधड़ा के यहां से डेढ़ लाख रुपए नकद और लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।

दोपहर के समय सुनसान घरों को निशाना बनाया। दूसरी चोरी इसी वार्ड में कृष्ण पारीक के घर में हुई। चोर अलमारी से करीब 7 लाख रूपए के सोने-चांदी के जेवर ले गए। खाजूवाला में तीसरी चोरी वार्ड नंबर 14 में विवेकानंद इंग्लिश स्कूल के सामने गोपाल मूंदड़ा के घर हुई है, जहां चोर मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर ले गए। वहीं लूणकरणसर के कालू थाना क्षेत्र में भी चोरी के 2 मामले दर्ज हुए हैं। यहां वार्ड 12 में रहने वाले गोपालराम ब्राह्मण के घर से 30-35 हजार रुपए नकद और सोने-चांदी के आभूषण चोरी हुए हैं। ये घटना 1 अगस्त की रात की है।

इससे पहले इसी कस्बे के वार्ड 13 में झुमरलाल तावणिया के घर पर भी चोरी हो चुकी है। तावणिया के यहां से चोर सोने के मंगलसूत्र, चांदी के जेवरात सहित कई सामान ले गए। बीकानेर शहर में करीब 1 महीने पहले हुई बैटरी चोरी की पुलिस ने एफआईआर तक दर्ज नहीं की।